## महत्वपूर्ण एवं खास

### जांजगीर-चांपा लोकसभा निर्वाचन मामलों के लिए सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से नागरिक कर सकते हैं संपर्क

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जांजगीर-चांपा हेतु आईएएस सौरभ स्वामी सामान्य प्रेक्षक एवं आईपीएस बीपिनशंकर राव आहिरे पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी जांजगीर-चांपा के सर्किट हाऊस के हसदेव कक्ष में सुबह 10 से 11 बजे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, प्रत्याशी, आम जनता उनसे अपनी बात रखने एवं किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए मुलाकात कर सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी का मोबाइल नंबर 7647045961 एवं उनके लाईजनिंग अधिकारी शशांक सिंह, मोबाईल नंबर 7987067974 हैं। पुलिस प्रेक्षक बीपिनशंकर राव आहिरे जांजगीर-चांपा सर्किट हाऊस के महानदी कक्ष में ठहरे हुए हैं। उनका मोबाईल नंबर 7647046304 एवं उनके पुलिस लाईजनिंग अधिकारी दीपक कुमार ठाकुर मोबाईल 9685134048 है।

### कलेक्टर की पहल : राजस्व कार्यों में तेजी लाने अमला को दिया गया प्रशिक्षण

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राजस्व मामलों में कमी और राजस्व कार्यों में तेजी लाने के मद्देनजर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों कर्मचारियों में बुनियादी प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस करते हुए डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल के नेतृत्व में विगत दिनों राजस्व निरीक्षकों को सीमांकन, बटांकन आदि का कार्यालय और खेत में जाकर प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के द्वारा सभी बैठको में राजस्व संबंधी कार्यों के लिए प्रक्रिया को अधिकारी कर्मचारी जानते हैं कि नहीं। इसके लिए प्रक्रिया के बारे में जानकारी साझा करने कहते हैं। कलेक्टर साहू का मंशा है कि जितना हमारा राजस्व अमला कार्य को जानेंगे समझेंगे, राजस्व मामलों में उतनी ही कमी आयेगी।

### 7 कबाड़ी चढ़े पुलिस के हत्थे

**भाटापारा-रायपुर (आरएनएस)।** बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पुलिस द्वारा भाटापारा शहर, ग्रामीण एवं सिमगा क्षेत्र में कबाड़ व्यापारियों के खिलाफ औचक जांच अभियान चलाया है। पूरे अभियान में 7 कबाडिय़ों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब साढ़े 3 लाख का कबाड़ जब्त किया गया है। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पकड़े गए कबाडिय़ों में मोहम्मद जावेद पिता सलीम 34 वर्ष सदर वार्ड भाटापारा शहर, मोहम्मद रफीक पिता हाजी रजक 53 निवासी सदर वार्ड भाटापारा शहर, तौफिस अली पिता अनवर अली संत रविदास वार्ड भाटापारा शहर, हरीश कुमार पिता राम कुमार 30 वर्ष निवासी शक्तिवार्ड भाटापारा शहर, हरिराम पिता रिखदेव 60 वर्ष निवासी नाका नंबर 1 के पास, रामकुमार पिता सुखेलाल बंजारे 60 वर्ष भाटापारा, मोहम्मद कदीम शेख पिता मोहम्मद हनीफ 30 वर्ष अजाद चौक सिमगा थाना सिमगा।

### चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर किया, दो के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बिजली विभाग से चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर लगाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढिय़ारी थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मंदार किलेदार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर वितरण लिमिटेड कार्यालय में लेखा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बुद्ध भगवान साहू और राजेश यादव ने लेखा अधिकारी का चेक चोरी कर फर्जी हस्ताक्षर कर एक्सेस बैंक से 3 करोड़ रुपए आहरण करने का प्रयास किया। जब प्रार्थी को इसकी जानकारी मिली तो उसने इसकी शिकायत गुढिय़ारी थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 380,420,467,468,471,51,120बी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कोणाल साहू 18 वर्ष ग्राम तेंदुआ का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपने किसी काम से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलबी 4942 से अग्रसेन चौक आया था। जहां अज्ञात चोर ने उसकी बाइक पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। वहीं दूसरे मामले में बीरगांव निवासी प्रार्थी चंदू यादव 30 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएस 4006 को बीरगांव के उनिया मार्केट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : दर्री जोन के कम मतदान वाले क्षेत्र में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

- अपने मताधिकार का उपयोग करने मतदाताओं से की गई अपील, दिलाई गई मतदाता शपथ
- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में लगातार संचालित हो रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा । आरएनएस**




नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन अंतर्गत विगत चुनाव में मतदान प्रतिशत कम होने वाले क्षेत्र में आज मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन निगम द्वारा किया गया, जिसमें काफी संख्या में मतदाताओं ने भाग लिया। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील किए जाने के साथ ही उन्हें मतदाता शपथ ग्रहण कराई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा के दर्री जोनांतर्गत एच.टी.पी.एस. आवासीय परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, उप जोन प्रभारी मनीष ठाकुर, उप अभियंता अनिलकुमार राम, उप राजस्व निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं तीजराम पटेल, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार सागर के साथ-साथ काफी संख्या में मतदातागण उपस्थित थे।

आधा दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण - अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने दर्री जोन के आधा दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होने मतदान क्र. 22, 23, 33, 34, 35, 36 व 36 क आदि मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वहॉं पर मतदान हेतु की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान कक्षों की व्यवस्था, बाथरूम व शौचालय रूम, पानी की व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, मतदाताओं हेतु छाया की व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चाक-चैबंद व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

## ग्रामीणों के मध्य किया गया बी-1 वाचन और सामूहिक मतदाता शपथ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) और एआरओ बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा नागरिकों के कार्यस्थल में जाकर गांव के राजस्व रिकार्ड का ''बी-1 वाचन'' किया गया ताकि भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान किया जा सके।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ स्निग्धा तिवारी की उपस्थिति में इस अभियान के दौरान मतदाता जागरूकता का सामूहिक शपथ लिया गया। जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है।इस अवसर पर तहसीलदार कमलेश सिदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, राजस्व सहयोगी, कोटवार आदि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राजस्व मामलों में जिला राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है। भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसका उद्देश्य है कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम, उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांव, मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नाम, भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा-आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी-1 खसरा (भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन) ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी-1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है। बी-1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी (बी1) डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी-1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यो में उपयोग में लाया जाता है। राजस्व संबंधी या अन्य किसी मामले में यह बी-1 दस्तावेज किसान या भूमि स्वामी का ऑनलाइन रिकार्ड है, जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जा सकता है।

## स्काउट-गाईड विद्यार्थी मतदान केन्द्रों में दिव्यांग, गर्भवती माताओं एवं बुजुर्ग मतदाता का करेंगे सहयोग

**गरियाबंद । आरएनएस**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आज स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत स्काउट गाईड के विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा का चुनाव होगा। जिसमें आप सभी लोग मतदाता मित्र की तरह मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग, बुजुर्ग एवं गर्भवती माताओं को लाने ले जाने में सहयोग करेंगे। इस संबंध में उन्होंने स्काउट-गाईड को मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। अग्रवाल ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने स्काउट-गाईड के विद्यार्थियों को मतदाताओं से मतदान करने और अपने अभिभावकों, पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, जिला परियोजना अधिकारी सारक्षर भारत बुद्धविलास सिंह सहित स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक, प्राचार्य एवं स्काउट-गाईड के विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने की संवीक्षा

- नामांकन के अंतिम दिन जिले में 29 अभ्यर्थियों ने खरीदे नामांकन, 27 ने किए जमा

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यार्थियों ने नामांकन जमा किए। जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कॉंग्रेस, डा. हरिशचन्द्र साहू निर्दलीय, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश), बलदेव साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भानुप्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, अरूण जोशी निदर्लीय, राकेश साहू न्यायधर्मसभा, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, डॉ. अंजु केमे एकम सनातन भारत दल, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, सन्तोष कुमार मारकन्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय, भागबली सिवारे निर्दलीय, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय सहित कुल 25 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए।

## खाद्य और औषधि प्रशासन टीम ने की जांच : कमी को पूरा करने दिए निर्देश

- हेल्पलाइन 9340597097 में कर सकते है खराब खाद्य और पेय पदार्थों की शिकायत

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर खाद्य और औषधि प्रशासन की टीम द्वारा सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम छिंद के विज बेकरी का निरीक्षण किया गया, जहाँ लेबलिंग नहीं पाया गया। किसी भी प्रोडक्ट में 15 दिन का समय दिया गया है। इसी प्रकार बरमकेला के सभी बर्फ और आइस फैक्ट्री में निरीक्षण किया गया, जिसमें विष्णु बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करते पाया गया, जिसके कारण बर्फ आइसक्रीम को फेकवाया गया। सराईपाली जिनि बर्फ फैक्ट्री एवं बुदेली के धीरज बर्फ फैक्ट्री का निरीक्षण किया गया। धीरज बर्फ फैक्ट्री का पंजीयन नहीं होने के कारण उनको एक हफ्ते में पंजीयन लेना निर्देशित किया गया। झनकपुर बर्फ फैक्ट्री मछली रखने के लिए उपयोग किया जाता है अर्थात नॉन एडिबल जिसके लिए उनको इंडिगो ब्लू या कारमाइन कलर का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे एडिबल और नॉन एडिबल में पहचान हो सके। मनोरमा तेल मिल झनकपुर में निरीक्षण के दौरान लेबल नही पाया गया उनको भी समय दिया गया है। प्लस आयुष बर्फ फैक्ट्री में सफाई की कमी पाई गई।



गर्मी देखते हुए अभी पानी बर्फ आइस का निरीक्षण जारी रहेगा। आम जनता भी खराब, नुकसानदेह खाद्य एवं पेय पदार्थ से सम्बंधित कोई भी शिकायत हेल्पलाइन नम्बर 9340597097 में कर सकते हैं।

## आबकारी टीम की छापामार कार्यवाही में 1.34 लाख रूपए का सामग्री जब्त

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता के निर्देश, उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर विजय सेन शर्मा एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में सरसींवां आबकारी टीम द्वारा कार्यवाही किया गया। छापामार कार्यवाही में अनुमानित एक लाख 34 हजार रूपए का सामग्री जप्ति किया गया, जिसमें अनुमानित 22 हजार का 110 लीटर का महुआ शराब, लगभग एक लाख 12 हजार 500 रुपए का 2250 किलो लाहन शामिल है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी ग्राम सलोनीकला सबरिया डेरा, गांव के बाहर एवम महानदी के किनारे भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है। गांव के बाहर एवम आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है l सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे। स्थल पर 01 सफेद रंग के जरीकीन में भरे 20 लीटर तथा 03 नग सफेद रंग के पारदर्शी पालीथीन प्रत्येक में भरा 30-30 लीटर कुल जब्त मात्रा 110 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जो की 45 नग जूट के बोरे के अंदर पालीथीन प्रत्येक



में भरा 50-50 किलोग्राम कुल मात्रा 2250 किलोग्राम को जब्त किया गया l कच्ची महुआ शराब को आबकारी टीम द्वारा जप्त किया गया और विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क) (च)34(2) का , प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।आरोपियों की पतासाजी की जा रही है l उक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक विपिन पाठक , आबकारी आरक्षक धनेश्वर राव मगर एवम सुरक्षा गार्ड लोचन साहू तथा ड्राइवर रामदुलार पटेल का विशेष योगदान रहा l उल्लेखनीय है कि तीन चार माह बाद सलोनीकला सबरिया डेरा में आबकारी की दूसरी छापामार कार्यवाही है।

### अशोका बिरयानी कांड

## मृतकों के परिजनों को मिला 45 लाख मुआवजा, आधा दर्जन पहुंचे जेल

- गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

**रायपुर । आरएनएस**




तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अशोका बिरयानी सेंटर में दो कर्मचारियों की मौत, कव्हरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों से मारपीट व अभद्रता के मामले में आखिरकार पुलिस ने प्रबंधन पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया है। वहीं इस मामले में आधा दर्जन लोगों को शुक्रवार को जेल दाखिल किया गया है।

विदित हो कि अशोक बिरयानी होटल के मालिक केके तिवारी एमडी सनाया तिवारी सीईओ और जीएम रोहित चंद्रा और रोमिना मंडल ब्रांच मैनेजर पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने होटल के जीएम रोहित चंद्रा और रोमिना मंडल सहित 6 आरोपियों को शुक्रवार शाम को ही जेल भेज दिया था। वहीं पत्रकारों से मारपीट व अभद्रता करने वाले अन्य आरोपी फरार हो गए हैं। तेलीबांधा थाना पुलिस फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। **परिजनों को मुआवजा दिया :** अशोक बिरयानी सेंटर के प्रबंधन की ओर से दोनों परिवार को मुआवजा दिया गया है। बताया जाता है कि मृतक डेविड साहू और नीलकुमार पटेल के परिवार को कुल 45 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है। इसमें डेविड साहू के परिजनों को 25 लाख तथा नीलकमल पटेल के परिजनों को 20 लाख रुपए का मुआवजा प्रबंधन की ओर से दिया गया है। वहीं प्रबंधन की ओर से दोनों परिवारों को 15-15 हजार रुपए प्रतिमाह उम्रभर देने की बात भी मानी गई है। देर रात हुए इस समझौते के बाद ही परिजन शव लेकर मौके से रवाना हुए।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU